इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 50] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 16 दिसम्बर 2011—अग्रहायण 25, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2011

क्र. ई-5-522-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, आयएएस., कमिश्नर, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग को दिनांक 15 से 23 दिसम्बर 2011 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव की अवकाश अवधि में श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव, आयएएस., कलेक्टर, जिला भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कमिश्नर, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा कमिश्नर, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव, कमिश्नर, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-326-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. सिंघई, आयएएस., अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर को दिनांक 5 से 9 दिसम्बर 2011 तक, पांच दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा अवकाश के साथ दिनांक 4 एवं 10, 11 दिसम्बर 2011 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. सिंघई को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. सिंघई को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. सिंघई अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-764-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विवेक कुमार पोरवाल, आयएएस., कलेक्टर, जिला बालाघाट को दिनांक 26 दिसम्बर 2011 से 4 जनवरी 2012 तक, दस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2010 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री विवेक कुमार पोरवाल की अवकाश अवधि में श्री व्ही. किरण गोपाल, आयएएस., अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालाघाट को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला बालाघाट का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री विवेक कुमार पोरवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला बालाघाट के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री विवेक कुमार पोरवाल द्वारा कलेक्टर, जिला बालाघाट का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री व्ही. किरण गोपाल, कलेक्टर, जिला बालाघाट के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री विवेक कुमार पोरवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विवेक कुमार पोरवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-666-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) डॉ. व्ही. एस. निरंजन, आयएएस., आयुक्त, उच्च शिक्षा एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 12 से 20 दिसम्बर 2011 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है उक्त अवकाश के साथ दिनांक 10 एवं 11 दिसम्बर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर डॉ. व्ही. एस. निरंजन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, उच्च शिक्षा एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में डॉ. व्ही. एस. निरंजन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. व्ही. एस. निरंजन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2011

क्र. ई-5-645-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मनीष रस्तोगी, आयएएस., अध्यक्ष-सह-प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर को दिनांक 24 अक्टूबर 2011 से दिनांक 2 नवम्बर 2011 तक दस दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री मनीष रस्तोगी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष-सह-प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री मनीष रस्तोगी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनीष रस्तोगी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-841-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती जयश्री कियावत, आयएएस., कलेक्टर, जिला झाबुआ को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 3 नवम्बर 2011 द्वारा दिनांक 29 अक्टूबर

से 1 नवम्बर 2011 तक, चार दिन के स्वीकृत एक्स इंडिया अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ऊषा परमार अवर सचिव ''कार्मिक''.

भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2011

क्र. एफ. ए. 5-30-2011-एक(1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय, श्री एम.ए. सिद्दीकी, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ.क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दि. 10 अक्टूबर, 2011 से 21 अक्टूबर, 2011 तक.	12 दिन	कम्युटेड अवकाश पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 4 अक्टूबर 2011 से दिनांक 9 अक्टूबर, 2011 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

भोपाल, दिनांक 2 दिसम्बर 2011

क्र. एफ. ए. 5-16-2010-एक(1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय, श्री अनिल कुमार शर्मा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर, खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ.क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दि. 24 सितम्बर 2011 से 26 सितम्बर 2011 तक.	3 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	—

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 नवम्बर 2011

क्र. एफ. 08-01-2011-चौवन-1.—राज्य शासन, एतद्द्वारा पिछड़े वर्ग के पोस्टमैट्रिक विद्यार्थियों के लिए वर्तमान में तहसील मुख्यालयों पर छात्रावास न होने के कारण पोस्टमैट्रिक स्तर के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2011-12 से पिछड़ा वर्ग संशोधित छात्रगृह योजना नियम, 2011-12 लागू करने तथा योजना को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

छात्रगृह योजना का स्वरूप :—

1. यह योजना पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में होगी.
2. योजना मध्यप्रदेश के पिछड़े वर्ग के पोस्टमैट्रिक विद्यार्थियों के लिए लागू होगी.
3. योजना की पात्रता के लिए विद्यार्थी को पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति एवं विभागीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए शासन द्वारा निर्धारित पात्रताधारक होना आवश्यक होगा.
4. विभागीय छात्रावासों में स्थान रिक्त न होने की स्थिति में ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा.
5. यह योजना संभागीय मुख्यालय, जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालों पर लागू होगी.
6. छात्रगृह योजना अन्तर्गत कम से कम 05 या उससे अधिक विद्यार्थियों को किराये के भवन में रहने पर लाभ प्राप्त होगा.
7. भवन किराये का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा न किया जाकर भवन मालिक को अनुबंध के अनुसार एक अधिकतम निर्धारित किराया दिया जायेगा, जो निम्नानुसार होगा :—
   (1) तहसील मुख्यालय पर अधिकतम रुपये 3000/- प्रतिमाह प्रति छात्रगृह.
   (2) जिला मुख्यालय पर अधिकतम रुपये 4000/- प्रतिमाह प्रति छात्रगृह.
   (3) संभागीय मुख्यालय पर अधिकतम रुपये 5000/- प्रतिमाह प्रति छात्रगृह.

   इससे अधिक किराया होने पर छात्रों द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा.

8. जब तक नियमों में अतिरिक्त प्रावधान न किया जाय, तब तक प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर 02 छात्रगृह, जिला मुख्यालयों पर 05 छात्रगृह एवं संभागीय मुख्यालयों पर अधिकतम 10 छात्रगृह से अधिक स्थापित नहीं होंगे.

9. भवन किराये हेतु अनुबंध मकान मालिक एवं विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं छात्रों के बीच त्रिस्तरीय सम्पादित होगा. अनुबंध सम्पादित करने के पूर्व विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा भवन का निरीक्षण मण्डल संयोजक, स्थानीय संस्था के प्राचार्य अथवा नजदीकी छात्रावास अधीक्षक के माध्यम से कराया जायेगा. जिला अधिकारी द्वारा अधिकतम किराया भुगतान करने के औचित्य से संतुष्ट होना अनिवार्य है.

10. यदि कोई छात्र शिक्षा-सत्र के मध्य में छात्रगृह छोड़ता है तो छात्रगृह में उक्त छात्र पर व्यय की गई अनुपातिक राशि संबंधित छात्र से वसूली योग्य होगी.

11. भवन के विद्युत व्यय की राशि विद्यार्थियों द्वारा स्वयं अनुपातिक रूप से वहन की जायेगी. पेयजल सुविधा का दायित्व मकान मालिक का होगा.

12. एस.डी.एम. एवं कलेक्टर द्वारा समय-समय निरीक्षण किया जायेगा तथा छात्रों को प्राप्त सुविधाएं एवं किराये की भुगतान की राशि के संबंध में समाधान किया जाएगा. कोई गलती पाये जाने पर तत्काल उचित कार्यवाही की जाएगी तथा कलेक्टर द्वारा समझौता रद्द भी किया जा सकेगा.

13. 05 विद्यार्थियों के मान से भवन में निम्नानुसार जगह एवं सुविधाएं होना चाहिए :—

    अ. न्यूनतम पक्के 02 कमरे क्षेत्रफल 600 वर्गफीट.

    ब. पक्का शौचालय, बाथरूम, किचन.

    स. समुचित पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था.

    द. छात्र संख्या 05 से अधिक होने पर प्रति छात्र 120 वर्गफीट अतिरिक्त जगह उपलब्ध हो.

14. निर्धारित सीमा तक किराये की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति जिला संयोजक/सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण, विभाग द्वारा की जावेगी. किराये के निर्धारण के लिए पृथक से किसी प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी. मकान मालिक को किराया जिला संयोजक/ सहायक आयुक्त द्वारा छात्रगृह का निरीक्षण करने के उपरांत चैक के माध्यम से भुगतान किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. एस. खैरवार, उपसचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2011

क्र. एफ. 3-115-2011-बत्तीस-**संशोधन.**—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 14 सितम्बर 2011 के द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1996) की धारा 17 क(1) के अन्तर्गत भेड़ाघाट विकास योजना हेतु समिति का गठन किया गया था. उक्त आदेश की कण्डिका ''छ'' में आंशिक संशोधन करते हुए क्रमांक 7 एवं 8 पर क्रमशः सरपंच, ग्राम पंचायत, खुलरी एवं सरपंच, ग्राम पंचायत, ललपुर को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 1 दिसम्बर 2011

फा. क्र. 1 (बी)-41-2004-इक्कीस-ब (दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा श्री राजेश कुमार मिश्र पुत्र श्री जयगोपाल मिश्र, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये सतना सत्र खण्ड के राजस्व जिले सतना की तहसील नागौद के लिये अति. लोक अभियोजक, नागौद नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

भोपाल, दिनांक 7 दिसम्बर 2011

फा. क्र. 1 (अ)-3-03-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन श्री विशाल मिश्रा, शासकीय अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, ग्वालियर द्वारा प्रस्तुत त्याग-पत्र दिनांक 10 नवम्बर 2011 के आधार पर उनका शासकीय अधिवक्ता, ग्वालियर के पद से त्याग-पत्र दिनांक 10 नवम्बर, 2011 से स्वीकृत करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 दिसम्बर 2011

क्र. एफ-13-12-11-अ-ग्यारह.—बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 3 की इकाई क्रमांक 9 के वाष्पयंत्र क्रमांक एमपी/3534 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 8 अक्टूबर, 2011 से 7 जनवरी 2012 तक तीन माह के लिये छूट देता है:—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इंदौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बायलर नियम, 1669 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मोहम्मद रफीक खान, उपसचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 दिसम्बर 2011

क्र. एफ-2-06-2006-तेरह.—श्री के. के. गर्ग, सदस्य (अभियांत्रिकी), मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर 2011 को 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप राज्य शासन, एतद्द्वारा, उन्हें विद्युत अधिनियम, 2003 (क्रमांक 36 सन् 2003) की धारा 89 की उपधारा (1) के द्वितीय परन्तुक के प्रावधानों के अधीन, दिनांक 10 दिसम्बर 2011 को अपरान्ह से सदस्य (अभियांत्रिकी), मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के पद से कार्यमुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. दुबे, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2011

क्र. एफ. 3-97-2011-बत्तीस.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1996) की धारा 17क(1) के अन्तर्गत विदिशा विकास योजना हेतु जिला योजना समिति आदेश क्रमांक 332, दिनांक 21 जनवरी 2000 द्वारा पूर्व में गठित समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन किया जाता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17क(2) के अनुसार कार्य करेगी :—

अधिनियम की धारा 17-क(1) की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	अध्यक्ष	नगरपालिका परिषद्, (जिला विदिशा)	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, विदिशा	सदस्य
(ग)	सांसद	लोक सभा क्षेत्र, विदिशा	सदस्य

(1)	(2)	(3)	(4)
(घ)	विधायक	विधान सभा क्षेत्र, विदिशा (जिला विदिशा)	सदस्य
(ङ)	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, विदिशा (जिला विदिशा)	सदस्य
(छ)	1. सरपंच	ग्राम पंचायत, मिर्जापुर (ग्राम मिर्जापुर, बराखेड़ा, सौराई)	सदस्य
	2. सरपंच	ग्राम पंचायत, कराखेड़ी (ग्राम कराखेड़ी, रूसल्ला मदनखेड़ी)	सदस्य
	3. सरपंच	ग्राम पंचायत, चिडौरिया (चिडौरिया, गुरारिया)	सदस्य
	4. सरपंच	ग्राम पंचायत, सौठिया (ग्राम सोठिया, पठारी, गेहूंखेड़ी, मुरवारा)	सदस्य
	5. सरपंच	ग्राम पंचायत, पठारी हवेली (ग्राम पठारी हवेली, तरावली)	सदस्य
	6. सरपंच	ग्राम पंचायत, डावर (ग्राम डावर, धांरूखेड़ी, हस्नावाद)	सदस्य
	7. सरपंच	ग्राम पंचायत, पांझ (ग्राम पांझ, धतूरिया)	सदस्य
	8. सरपंच	ग्राम पंचायत, परसौरा हवेली (ग्राम परसौरा हवेली, भोरिया, परासी टुण्डरा)	सदस्य
	9. सरपंच	ग्राम पंचायत, टीलाखेड़ी (ग्राम टीलाखेड़ी)	सदस्य
	10. सरपंच	ग्राम पंचायत, करैया हवेली (ग्राम करैया हवेली, सुआखेड़ी, आमखेड़ा हवेली, पडरियामाफी, रंगई, बरखेड़ीविरसा).	सदस्य
	11. सरपंच	ग्राम पंचायत, तमौरिया (तमौरिया)	सदस्य
	12. सरपंच	ग्राम पंचायत, हांसुआ (ग्राम हांसुआ, धुडियाखेडी)	सदस्य
	13. सरपंच	ग्राम पंचायत, सुनपुरा (ग्राम सुनपुरा, विधन)	सदस्य
	14. सरपंच	ग्राम पंचायत, बैस (ग्राम बैस, उदयगिरी, अमाछार)	सदस्य
	15. सरपंच	ग्राम पंचायत, जीवाजीपुर (ग्राम जीवाजीपुर)	सदस्य
	16. सरपंच	ग्राम पंचायत, कुआंखेड़ी (कुआंखेड़ी)	सदस्य
	17. सरपंच	ग्राम पंचायत, ढोलखेड़ी (ग्राम ढोलखेड़ी)	सदस्य
	18. सरपंच	ग्राम पंचायत, मूडारा हरीसिंह (ग्राम मूडारा हरीसिंह)	सदस्य
(ज)	1. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया	सदस्य
	2. प्रतिनिधि	काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर ऑफ इंडिया	सदस्य
	3. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया	सदस्य
	4. प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला विदिशा	सदस्य
	5. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विदिशा	सदस्य
	6. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, विदिशा	सदस्य
	7. प्रतिनिधि	जिला वनमण्डल अधिकारी, जिला मण्डल कार्यालय, विदिशा	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक.	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, भोपाल-सीहोर.	समिति संयोजक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

वाणिज्यिक कर विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 दिसम्बर 2011

क्र. एफ. ए. 3-16-2011-1-पांच(80)-**शुद्धि-पत्र**.—इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. ए-3-16-2011-1-पांच(24), दिनांक 1 अप्रैल 2011 का, जो "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 1 अप्रैल 2011 में प्रकाशित हुई है, निम्नानुसार शुद्धि-पत्र प्रकाशित किया जाता है :—

अशुद्ध मुद्रित हुए शब्द अंक तथा कोष्ठक (1)	राजपत्र के पृष्ठ तथा पंक्तियां जिनमें वे शब्द, अंक तथा कोष्ठक आए हैं (2)		शुद्ध शब्द अंक तथा कोष्ठक जो पढ़े जाएं (3)
	पृष्ठ	पंक्ति	
अधिनियम 2011 (क्रमांक . . . .सन् 2011)	414(33)	3	अधिनियम, 2011 (क्रमांक 11 सन् 2011)
अधिनियम 2011 (क्रमांक . . . .सन् 2011)	414(33)	3	अधिनियम, 2011 (क्रमांक 11 सन् 2011)
Adhiniyam, 2011 (No. . . . . of 2011)		4	Adhiniyam, 2011 (No. 11 of 2011)
Adhiniyam, 2011 (No. . . . . of 2011)		13	Adhiniyam, 2011 (No. 11 of 2011)

क्र. एफ. ए. 3-02-2011-1-पांच(81)-**शुद्धि-पत्र**.—"मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" दिनांक 6 सितम्बर सन् 2011 में, मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976 (क्रमांक 52 सन् 1976) के अधीन प्रकाशित वाणिज्यिक कर विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. (ए) 3-2-2011-1-पांच(64), दिनांक 6 सितम्बर 2011 में, नीचे दी गई सारणी के कॉलम (1) में वर्णित उन शब्दों तथा कोष्ठकों के स्थान पर, जो कि उक्त सारणी के कालम (2) में वर्णित पृष्ठों तथा पंक्तियों में आए हैं, उक्त सारणी के कालम (3) की तत्संबद्ध पृविष्टियों में दिए गए शब्द तथा कोष्ठक पढ़े जाएं :—

अशुद्ध मुद्रित हुए शब्द तथा कोष्ठक (1)	राजपत्र के पृष्ठ तथा पंक्तियां जिनमें वे शब्द, तथा कोष्ठक आए हैं (2)		शुद्ध शब्द तथा कोष्ठक जो कि पढ़े जाएं (3)
	पृष्ठ	पंक्ति	
क्राशिंग	832	17	क्रशिंग
(रोटोथेवियर	832	19	(रोटोग्रेवियर
सिरों को	832(1)	13	सिरों के
उत्पादों	832(1)	23	उपोत्पादों
सितम्बर	832(2)	25	दिसम्बर
सितम्बर	832(2)	27	दिसम्बर
Adible	832(3)	18	edible
and	832(5)	5	an
there	832(5)	29	other
industry or	832(5)	34	industry
technology/industries	832(5)	35	technology industry/
based in			industries based in

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. यादव, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर, राजगढ़, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश

राजगढ़, दिनांक 21/30 नवम्बर 2011

क्र. ब.श्र.प्र.समा.-सर्त.समि.-जिश्रा-2011-1058.—बंधक श्रम प्रथा समाप्ति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 की धारा 13(2) एवं 13(3) के तहत जिला राजगढ़ में जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति का एतद्द्वारा पुनर्गठन किया जाता है :—

जिला स्तरीय सतर्कता समिति, राजगढ़, जिला-राजगढ़ के पदाधिकारी एवं सदस्य निम्नानुसार हैं :—

13(2)(क)	कलेक्टर, राजगढ़	अध्यक्ष
13(2)(ख)	1. श्री गोतम टेटवाल, विधायक, सारंगपुर, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
	2. श्रीमति सुमित्रा भिलाला, नि. उदनखेड़ी, तह. सारंगपुर, जिला-राजगढ़ (अ.ज.जा.)	सदस्य
	3. श्री गोपाल खत्री, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(2)(ग)	1. श्री वृज चौरसिया सामाजिक कार्यकर्ता, राजगढ़	सदस्य
	2. श्री गिरीराज धरण शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, तह. व जिला राजगढ़	सदस्य
13(2)(घ)	1. पुलिस अधीक्षक, राजगढ़	सदस्य
	2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजगढ़	सदस्य
	3. जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, राजगढ़	सदस्य
13(2)(ङ)	1. प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, अग्रणी बैंक, राजगढ़	सदस्य

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति, राजगढ़, जिला राजगढ़

13(3)(क)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजगढ़	अध्यक्ष
13(3)(ख)	1. श्रीमति लीलाबाई ठेकेदार, राजगढ़	सदस्य
	2. श्री पप्पू मकवाना वाल्मीकी नगर कालाखेत, तह. जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
13(3)(ग)	1. श्री एच.बी. व्यास, अभिभाषक, राजगढ़	सदस्य
	2. श्री राजेश, डाबी सेवानिवृत्त (न्याया विभाग) राजगढ़	सदस्य
	3. श्रीमति शकुन्तला विजयवर्गीय पति राजेन्द्र विजयवर्गीय जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(घ)	1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, राजगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. विकासखण्ड अधिकारी, राजगढ़	सदस्य
	3. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बालविकास, राजगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य

13(3)(ङ)	1. प्रबंध संचालक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजगढ़	सदस्य
13(3)(च)	1. तहसीलदार, राजगढ़	सदस्य

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति, ब्यावरा, जिला-राजगढ़

13(3)(क)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), ब्यावरा	अध्यक्ष
13(3)(ख)	1. श्री भोलाराम/श्री किशोरीलाल सिलावट, निवासी सुठालिया ब्यावरा (अ.जा.)	सदस्य
	2. श्रीमति वादाम वाइ पति श्री हरिसिंह. . . . . ब्यावरा, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
	3. श्री रामचरण/मानसिंह, नि. आगर जामन का पुरा, ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(ग)	1. श्री डॉ. श्री कैलाश चन्द मिश्र (नगर सुधार समिति अध्यक्ष ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. श्रीमति उमा देवी शर्मा निवासी, इन्दौर नाका जूना ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(घ)	1. तहसीलदार, ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. विकासखण्ड अधिकारी, ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य
	3. थाना प्रभारी, ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(ङ)	1. शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, ब्यावरा, जिला-राजगढ़	सदस्य

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति, खिलचीपुर, जिला राजगढ़

13(3)(क)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	अध्यक्ष
13(3)(ख)	1. श्री भेरूलाल, जनपद सदस्य पीपल्याकुल्मी, खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. श्री नीरज जावा, नि. खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	3. श्रीमति बसंती बाई मालवीय, खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(ग)	1. श्री बद्रीनारायण आचार्य जीरापुर, तह. खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. श्री महेन्द्र सिंह अभिभाषक, खिलचीपुर, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
13(3)(घ)	1. तहसीलदार, खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज.प. खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	3. पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठन (पंचा. निरी.) खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(ङ)	1. शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, तह. खिलचीपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(च)	1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज.पं. जीरापुर, जिला-राजगढ़	सदस्य

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़

13(3)(क)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	अध्यक्ष
13(3)(ख)	1. श्री अर्जुन भोले मो. बगूची नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
	2. श्रीमति ज्योति वर्मा पति मोहन लाल वर्मा कुरावर नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
	3. श्री मांगीलाल भिलाला, नि. ग्राम सूकल्या नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़ (अ.ज.जा.)	सदस्य
13(3)(ग)	1. श्री संजय/प्रेमनारायण विजयवर्गीय शिक्षक कालोनी, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. श्री द्वारकाप्रसाद सोनी, नि. बोडा, तह. नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(घ)	1. तहसीलदार, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. थाना प्रभारी, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
	3. विकासखण्ड अधिकारी, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(ङ)	1. शाखा प्रबंधक अग्रणी बैंक ऑफ इंडिया, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(च)	1. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बालविकास, नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़	सदस्य

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति, सारंगपुर, जिला-राजगढ़

13(3)(क)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगपुर, जिला-राजगढ़	अध्यक्ष
13(3)(ख)	1. श्री गोतम टेटवाल विधायक, सारंगपुर, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
	2. श्रीमति कमला बाई जाटव, नि. शिवनगर, सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	3. श्री महेश अहिरवार, पार्षद वार्ड नं. 2, सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(ग)	1. श्री गोकुल डण्डवानी पाडल्या रोड, सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. श्री मनोज जैन भल्ला कालोनी, सारंगपुर, जिला-राजगढ़ (अ.जा.)	सदस्य
13(3)(घ)	1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज.पं. सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	2. पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठन (पंचा. निरी.) सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
	3. वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सारंगपुर, राजगढ़	सदस्य
13(3)(ङ)	1. प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर, शाखा सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य
13(3)(च)	1. तहसीलदार, सारंगपुर, जिला-राजगढ़	सदस्य

एम. बी. ओझा, कलेक्टर.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

भोपाल, दिनांक 2 दिसम्बर 2011

आदेश

क्र. एफ.-67-154-10-तीन-2019.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत सॉवेर, जिला इन्दौर** के आम निर्वाचन में **श्री राधेश्याम कबाड़ी** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् (दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, **श्री राधेश्याम कबाड़ी** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, इन्दौर के पास दाखिल करना था, किन्तु संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **इन्दौर** के पत्र दिनांक 15 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री राधेश्याम कबाड़ी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री राधेश्याम कबाड़ी** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 को जारी कर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, इन्दौर के माध्यम से दिनांक 4 मई 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री राधेश्याम कबाड़ी** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री राधेश्याम कबाड़ी** को नोटिस दिनांक 4 मई 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 19 मई 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला इन्दौर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 16 जून 2011 के द्वारा लेख किया है कि-जिला कार्यालय के पत्र द्वारा तहसीलदार के माध्यम से सूचना पत्र की तामीली की गई थी. संबंधित द्वारा पालन नहीं करने पर . . . पुनः अनुविभागीय अधिकारी, सॉवेर के माध्यम से भी कार्यवाही की तथा निर्वाचन व्यय लेखा भेजे जाने बाबत् संबंधित से प्रयास किया गया. अनुविभागीय अधिकारी द्वारा प्रयास किये जाने के उपरांत भी संबंधित द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिवेदन दिनांक 14 जून 2011 तक प्रस्तुत नहीं किया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 5 सितम्बर, 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्री राधेश्याम कबाड़ी** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना पत्र की तामीली **श्री राधेश्याम कबाड़ी** को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला इन्दौर द्वारा तहसीलदार सॉवेर के माध्यम से विहित समयावधि में दिनांक 17 अगस्त 2011 को कराई गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री राधेश्याम कबाड़ी** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री राधेश्याम कबाड़ी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर पंचायत, **सॉवेर** जिला इन्दौर का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(सुभाष जैन)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 2 दिसम्बर 2011

आदेश

क्र. एफ.-67-154-10-तीन-2020.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत सॉवेर, जिला इन्दौर** के आम निर्वाचन में **श्री शफी खां मंसूरी** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् (दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, **श्री शफी खां मंसूरी** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, इन्दौर के पास दाखिल करना था, किन्तु संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **इन्दौर** के पत्र दिनांक 15 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री शफी खां मंसूरी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री शफी खां मंसूरी** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 को जारी कर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, इन्दौर के माध्यम से दिनांक 5 मई 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री शफी खां मंसूरी** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री शफी खां मंसूरी** को नोटिस दिनांक 5 मई 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 20 मई 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला इन्दौर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 16 जून 2011 के द्वारा लेख किया है कि—उनके जिला कार्यालय के पत्र द्वारा तहसीलदार के माध्यम से अभ्यर्थी को सूचना पत्र की तामीली की गई थी. संबंधित द्वारा पालन नहीं करने पर . . . पुनः अनुविभागीय अधिकारी, सॉवेर के माध्यम से भी कार्यवाही की तथा निर्वाचन व्यय लेखा भेजे जाने बाबत् संबंधित से प्रयास किया गया. अनुविभआगीय अधिकारी द्वारा प्रयास किये जाने के उपरांत भी संबंधित द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिवेदन दिनांक 14 जून 2011 तक प्रस्तुत नहीं किया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 5 सितम्बर, 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्री शफी खां मंसूरी** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना पत्र की तामीली **श्री शफी खां मंसूरी** को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला इन्दौर द्वारा तहसीलदार सॉवेर के माध्यम से विहित समयावधि में दिनांक 17 अगस्त 2011 को कराई गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री शफी खां मंसूरी** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह

समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री शफी खां मंसूरी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर पंचायत, **सॉवेर** जिला इन्दौर का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

कार्यालय, कुलाधिपति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, मध्यप्रदेश

राजभवन, भोपाल दिनांक 7 दिसम्बर 2011

क्र. एफ. 1-2-2010-रास-यूए-1-1594.—प्रो. पी. के. मिश्रा, कुलपति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, द्वारा दिनांक 6 दिसम्बर 2011 को प्रस्तुत त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकृत किया जाता है.

मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 14 की उपधारा (6) के प्रावधानांतर्गत मैं, राम नरेश यादव, कुलाधिपति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर एतद्द्वारा प्रो. राजकमल, रेक्टर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर को नये कुलपति की नियुक्ति होने तक के लिए उक्त विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्य सम्पादित करने के लिए नाम-निर्देशित करता हूं.

राम नरेश यादव, कुलाधिपति.

कार्यालय, राज्यपाल का सचिवालय, भोपाल

राजभवन, भोपाल दिनांक 8 दिसम्बर 2011

क्र. एफ. 1-1-11-रास-यू.ए-1-1598.—मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्र. 22 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महामहिम कुलाधिपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा उक्त विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु कम से कम तीन व्यक्तियों का पैनल अनुशंसित करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों की समिति नियुक्त की गई है:—

1.	प्रो. वाई.सी. सिम्हाद्री, डायरेक्टर, इन्सटीट्यूट ऑफ कांस्टीट्यूशनल एण्ड पार्लियामेन्ट्री स्टडीज, नई दिल्ली-110001.	समिति के चेयरमेन.	कुलाधिपति जी द्वारा नामांकित.
2.	प्रो. पी. बी. शर्मा, कुलपति, दिल्ली टेक्नालॉजीकल यूनिवर्सिटी, बावना रोड, शाहबाद, दौलतपुर, दिल्ली-110042.	समिति के सदस्य.	अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मनोनीत.
3.	श्री सत्येन्द्र पाठक, 14, नेपीयर टाउन, जबलपुर.	समिति के सदस्य.	कार्यपरिषद् द्वारा निर्वाचित.

2. महामहिम कुलाधिपति के द्वारा प्रो. वाई. सी. सिम्हाद्री को उक्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

3. समिति इस अधिसूचना के प्रसारित होने की तिथि से छः सप्ताह की अवधि में पैनल प्रस्तुत करेगी.

कुलाधिपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के आदेशानुसार,
जे. एन. मालपानी, राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कटनी, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

कटनी, दिनांक 22 अक्टूबर 2011

रा. प्र. क्र.-03-अ-82-2011-12-भू.अ.अ..—चूंकि, राज्य शासन को ऐसा प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 संशोधन, 1984 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, उसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को, उक्त भूमि के संबंध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल अर्जित रकबा (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कटनी	बहोरीबंद	जुझारी	1.25	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, संभाग कटनी.	जुझारी कल्हैया जलाशय नहर निर्माण हेतु.
		कैमोरी	1.29		
		कुल :	2.54		

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, बहोरीबंद जिला कटनी के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. सेलवेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 1 दिसम्बर 2011

प्र. क्र.-अ-82-भू-अर्जन-11-12-2806.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के कालम(1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के कालम (6) में उसके सामने वर्णित प्रयोजन के लिए भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के कालम (5) में उल्लिखित अधिकारी को, उक्त भूमि के संबंध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा म.प्र.	कुरवाई	बोथीघाट	3.503	अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, कुरवाई.	लायरा-खिरिया मार्ग का निर्माण.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. बी. सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खरगोन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खरगोन, दिनांक 29 नवम्बर 2011

क्र. 1723-भू-अर्जन-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को, उक्त भूमि के संबंध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	झिरन्या	पुतला	3.970	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग खरगोन.	रतनपुर तालाब योजना के डूब क्षेत्र एवं स्पील चैनल के निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, भीकनगांव एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

खरगोन, दिनांक 30 नवम्बर 2011

क्र. 1727-भू-अर्जन-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को, उक्त भूमि के संबंध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	गुजारी	0.360	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन.	गुजारी नम्बर-2 तालाब योजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कसरावद एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1728-भू-अर्जन-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को, उक्त भूमि के संबंध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	डोमवाड़ा बुजुर्ग	2.974	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन.	डोमवाड़ा तालाब योजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कसरावद एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

खरगोन, दिनांक 1 दिसम्बर 2011

क्र. 1746-भू-अर्जन-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को, उक्त भूमि के संबंध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	भगवानपुरा	धूलकोट	11.669	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग खरगोन.	खारक जलाशय परियोजना की मुख्य नहर के निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, खरगोन एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नवनीत मोहन कोठारी, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सतना, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सतना, दिनांक 30 नवम्बर 2011

